प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 सितंबर 2024

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – अगस्त 2024

सितंबर 2024 माह के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा दरों के आंकड़े तालिका 1 से 7 में दर्शाए गए हैं।

मुख्य बातें:

ऋण दरें:

- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) अगस्त 2024 में 9.41 प्रतिशत (जुलाई 2024 में 9.40 प्रतिशत) रही।
- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर जुलाई की तुलना में अगस्त 2024 9.91 प्रतिशत पर यथावत् रही।[1]
- एससीबी की एक वर्ष की औसत निधि की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) सितंबर 2024 में बढ़कर 8.95 प्रतिशत (अगस्त 2024 में 8.90 प्रतिशत) हो गई।
- एससीबी के कुल बकाया अस्थिर दर वाले रुपया ऋणों में बाह्य बेंचमार्क आधारित उधार दर (ईबीएलआर) से संबद्ध ऋणों की हिस्सेदारी जून 2024 के अंत में 57.5 प्रतिशत (मार्च 2024 के अंत में 56.6 प्रतिशत) थी, जबकि एमसीएलआर से संबद्ध ऋणों की हिस्सेदारी 38.6 प्रतिशत (मार्च 2024 के अंत में 39.2 प्रतिशत) थी।[1]

जमा दरें:

- एससीबी की नई रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) जुलाई 2024 में 6.48 प्रतिशत की तुलना में अगस्त 2024 में 6.46 प्रतिशत रही।
- एससीबी की बकाया रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अगस्त 2024 में 6.93 प्रतिशत (जुलाई 2024 में 6.92 प्रतिशत) थी।[1]

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1191

[1] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है।